

**एक नजर में**



### पुरातन बजरिया मंदिर में शिवार्चन अनुष्ठान संपन्न

**बेगमगंज, 17 जुलाई.** नगर के पुरातन बजरिया मंदिर में चल रहे सप्तदिवसात्मक सवालाख रुद्र निर्माण महायज्ञ के अंतर्गत गुरुवार को तृतीय दिवस का शिवार्चन अनुष्ठान श्रद्धा और भक्ति के साथ सम्पन्न हुआ. यह आयोजन अपने 14वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है और प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी नगर में धार्मिक उल्लास और आस्था का वातावरण देखने को मिल रहा है. आयोजन के प्रमुख आचार्य श्री नंदकिशोर देवलिया जी महाराज के नेतृत्व में आचार्य पंडित शुभम त्रिपाठी, आचार्य सत्यम मुडोतिया द्वारा वैदिक विधि-विधान से शिवार्चन सम्पन्न कराया गया. प्रमुख यजमान महेश राय ने परिवार सहित पूजा-अर्चना कर शिव आराधना की. आयोजन समिति की ओर से अध्यक्ष संतोष कंडया, कोषाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, सचिव पं. जुगलकिशोर देवलिया सहित श्रद्धालु आयोजन में सहभागी रहे.

# सोशल मीडिया से बर्बाद हो रही बच्चों की जिंदगी

## नशामुक्ति अभियान के तहत व्याख्यान में एसडीओपी ने बताए मोबाइल फोन से होने वाले नुकसान

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 17 जुलाई. पुलिस प्रशासन द्वारा नशामुक्ति अभियान के तहत लगातार चल रही जागरूकता मुहिम में गुरुवार को एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव के द्वारा नगर की प्रमुख शैक्षणिक संस्था सीएम राइज स्कूल में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों एवं जीवनशैली में सुधार विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि आज मोबाइल का उपयोग भी नशे से कम नहीं, रील लाइफ ने रीयल लाइफ को खत्म कर दिया है.**

आज बच्चों में प्रतिस्पर्धा कम हो रही है क्योंकि सोशल मीडिया से जिंदगी बेकार हो रही है. मात्र दो प्रतिशत बच्चे ही अपने भविष्य के प्रति गंभीर है और अपने लक्ष्य को हासिल करके समाज, देश मे परिवार का नाम रोशन कर रहे हैं. मोबाइल की लत दिनचर्या पर भारी है. जिंदगी मुश्किल से मिलती है, जिसे नशे से बर्बाद नहीं करना चाहिए. सिगरेट - गुटके से शुरू होकर युवा धीरे -धीरे अन्य मादक पदार्थो का सेवक करने लगते हैं. जिंदगी यहीं से यूटर्न लेते हुए घातक सफर पर निकल जाती है. जिसका अंत जिंदगी की बर्बादी से होता है.



नशेबाज को परिवार एवं समाज में कोई इज्जत नहीं मिलती ओर वो तिरस्कार का पात्र बन जाता है. सम्मानजनक जिंदगी के लिए हरेक प्रकार के नशे से बचना चाहिए.

अंत में नशे से बर्बाद होती जिंदगियां लघु फ़िल्म प्रदर्शित की गई. फ़िल्म के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव से बर्बाद होती जिंदगी और बचाव के उपाय का संदेश दिया गया.

अंत में एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव, थानाप्रभारी राजीव उइके एवं प्राचार्य बृजेश सिंह चौहान की संयुक्त अगुवाई में सभी विद्यार्थियों एवं टीचर्स को सभी प्रकार के नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई.

### विद्यार्थियों को दिलाई नशा नहीं करने की शपथ

**सिलवानी, 17 जुलाई.** गुरुवार को मुआर ग्राम के शासकीय स्कूल में पुलिस द्वारा नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत जागरुकता अभियान का आयोजन किया. यहां पर विद्यार्थी व ग्राम रक्षा समिति के सदस्य मौजूद रहे. अभियान के तहत पूरे प्रदेश में पुलिस द्वारा 15 से 30 जुलाई तक कार्यक्रम किए जा रहे है. यहां पर एसडीओपी अनिल मौर्य तथा टीआई पूनम सविता विशेष रुप से उपस्थित रहे. कार्यक्रम में एसडीओपी ने कहा कि कि नशा किसी प्रकार का हो यह नशा ही होता है. इससे हम तो दूर रहें ही और अगर घर परिवार मोहल्ले में कोई नशा करता है तो उसे भी नशे से दूर रहने की समझाइश दी जाए. उन्होंने बताया कि चाहे यात्री प्रतीक्षालय हो या कोई भवन हो जगह जगह . वहां पर लाल निशान होते हैं यह पाउच के होते हैं. यह एक धीमा नशा है, जिसे खाने से कैंसर तक की बीमारी हो जाती है .चाहे बीड़ी हो, सिगरेट हो, पाउच हो, जर्दा हो, शराब, गांजा आदि हो, इसके शरीर पर विपरीत परिणाम होते हैं. इसलिए नशे से दूरी बनाना चाहिए. जागरुकता कार्यक्रम में टीआई पूनम सविता ने कहा कि सभी ने बीड़ी, सिगरेट पीने वालों को भी देखा होगा जो घर परिवार व मोहल्ले में भी पीते हैं वह तो पीते ही है. लेकिन उससे निकालने वाला धुआं जो नहीं भी पीते हैं उसे भी नुकसान पहुंचाता है. अगर आप लोगों के परिवार में चाचा, ताऊ, भाई, भतीजा किसी भी तरह का नशा करते हैं तो आप भी उन्हें समझाइश दें. उन्होंने बताया कि इस अभियान में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़कर नशे के खिलाफ जागरूक किया जाएगा. विद्यार्थियों को नशे से दूरी का संदेश देने वाले पंपलेट, टोपी, बैच और डायरी वितरित की. इस दौरान सभी को शपथ दिलाई गई कि वे समाज में नशे के खिलाफ जागरुकता फैलाएंगे.



# जीतेन्द्र का पक्के मकान का सपना हुआ पूरा

## प्रधानमंत्री आवास योजना से मिली मदद

नवभारत न्यूज़

**सलामतपुर, 17 जुलाई. प्रधानमंत्री जनमन योजना विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है. इसके तहत शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा-सीधा लाभ इन समुदाय के लोगों को मिल रहा है.**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार और प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की स्वयं के पक्के मकान के सपने को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रही है. रायसेन जिले के सांची जनपद के ग्राम मुक्तापुर ग्राम पंचायत कचनारिया में हितग्राही जीतेन्द्र कुमार और उनका परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पक्का मकान बन जाने से बेहद खुश हैं. प्रधानमंत्री मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को धन्यवाद देते हुए हितग्राही जीतेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ने उनके वर्षो पुराने सपने को साकार किया है.




> योजना के तहत आवास की स्वीकृति मिलते ही पंचायत स्तर पर दस्तावेजों की पूर्ति होने के साथ ही आवास निर्माण प्रारंभ किया गया. जिसमें पहली किश्त की राशि मिलते ही उनकी मकान निर्माण की उम्मीद पक्की होने लगी. मकान निर्माण आगे बढ़ने के साथ ही प्रगति के आधार पर किस्त की राशि मिलती गई और देखते ही देखते उनके सपनों का आशियाना पूरा होकर तैयार हो गया. हितग्राही ने बताया कि आवास निर्माण में कार्य करने पर मनरेगा के तहत उन्हें मजदूरी का भुगतान भी किया गया. हितग्राही जीतेन्द्र कुमार अपने पुराने दिनों की कठिनाई याद करते हुए बताते हैं कि आवास निर्माण से पहले उनका परिवार कच्ची झोपड़ीनुमा घर में निवास करता था.



# वैश्य महासभा की ब्लॉक कार्यकारिणी बनी

नवभारत न्यूज

**बम्होरी, 17 जुलाई. वैश्य महासभा की नगर बैठक में बम्होरी ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया गया.**

बैठक में जिला अध्यक्ष संजू बनारसी विशेष रूप से मौजूद रहे. सर्वसम्मति से दिलीप गुप्ता को ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया. सुनील नेमा उपाध्यक्ष, विवेक जैन महामंत्री, दीपक राठी मंत्री और नीरज जैन कोषाध्यक्ष बनाए गए. युवा इकाई में अंकित राठी को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया. ऋषभ गुप्ता उपाध्यक्ष, ऋषभ जैन महामंत्री, अमित नेमा मंत्री और आदित्य जैन कोषाध्यक्ष बनाए गए. इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष चंद्र कुमार जैन, जिला कोषाध्यक्ष सुनील वेध, जिला मंत्री कमलेश गुप्ता, जिला कार्यालय प्रभारी मंत्री वैभव मस्ताना मौजूद रहे. सभी जिला पदाधिकारियों एवं समाज के लोगों ने नवगठित कार्यकारिणी को बधाई और शुभकामनाएं दीं.

# राजस्व विभाग के सर्वेयरों ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 17 जुलाई. राजस्व विभाग के अंतर्गत कार्यरत पटवारी सहायक सर्वेयर संघ के पदाधिकारियों ने एसडीएम सौरभ मिश्रा को 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए स्पष्ट कहा कि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा.**



ज्ञापन में कहा गया है कि सर्वेयरों द्वारा रवि फसल का सर्वेक्षण कार्य, फार्मर आईडी निर्माण, और रिसर्ज भूमि (रिकलैम्ड एरिया) संबंधी दायित्व पूरी निष्ठा से निभाए गए, परंतु इन कार्यों का मेहनताना आज तक नहीं मिला. कई सर्वेयर वर्षों से एक ही ग्राम में सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उनकी स्थानांतरण, पदस्थापना एवं कार्य मान्यता जैसी मूलभूत मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है. सर्वेयरों को पूर्व के कार्यों का लंबित भुगतान शीघ्र किया जाए.यात्रा भत्ता, बीमा सुरक्षा और तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराए जाएं. खरीफ 2024 के अंतर्गत कराए गए सर्वेक्षण कार्य का भुगतान तत्काल हो. शासकीय कार्यों के दौरान किसानों द्वारा किए जाने वाले विरोध की स्थिति में सुरक्षा एवं प्रशासनिक सहयोग सुनिश्चित किया जाए.

सभी कार्यरत सर्वेयरों को सरकारी परिचय-पत्र जारी किया जाए और सीमांकन जैसे फील्ड कार्यों पर यात्रा भत्ता दिया जाए. सभी शासकीय कार्यों का भुगतान निर्धारित समय-सीमा में किया जाए.



# राजा मिश्रा ने दिवंगतों के परिजनों को दी मदद

## पड़रिया कला में करंट से हुई थी तीन लोगों की मौत

नवभारत न्यूज

**बम्होरी, 17 जुलाई. ग्राम पड़रिया कला में करंट लगने से तीन लोगों की मौत के बाद अब समाजसेवी मदद के लिए आगे आ रहे हैं. जनसेवक राजा मिश्रा अपनी टीम के साथ ग्राम नयाखेड़ा पहुंचे. उन्होंने मृतकों के परिजनों से मुलाकात की. शोक संवेदना व्यक्त की. हर संभव मदद का भरोसा दिया.**

मौके पर ही परिजनों को 5000-5000 रुपए के राशन सामग्री के रूप में सहायता दी गई. आगे भी मदद जारी रखने की बात कही गई. इस दौरान ग्रामीणों और परिजनों ने राजा मिश्रा मित्र मंडली का आभार जताया.

इस मौके पर भोपाल से संजय भैया, आशीष भैया, ताहिर अंसारी मौजूद रहे. बम्होरी से विश्वनाथ पटेल, सुभाष शर्मा, सत्यम लोधी, शुभम सेन, शफीक मंसूरी भी साथ थे.

# अतिथि शिक्षकों ने किया ई अटेंडेंस का विरोध

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 17 जुलाई. अतिथि शिक्षक समन्वय समिति के बैनर तले आज मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन ई-अटेंडेंस एवं फालन आउट के विरोध में दर्जनों अतिथि शिक्षकों द्वारा एसडीएम सौरभ मिश्रा के माध्यम से दिया गया।**

ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष मसरूर खान, योगेश शर्मा, सुनील पटेल, आशीष व्यास, आशीष भार्गव, अरुण गोर, संतोष तिवारी, शिवेंद्र सिंह ठाकुर, कमलेश साहू, सचिन विश्वकर्मा, वीरेंद्र ठाकुर, आकाश राजपूत, राहुल रोहित, रामराज लोधी, राहुल श्रीवास्तव, सुनील पटेल करहोला, चांदनी राजपूत, संजना लोधी, सचिन गौर, क्षमाधर कुशवाहा, सुनील विश्वकर्मा ,कमलेश पंथी, भवानी कुशवाहा, दीपक श्रीवास्तव, विपिन ठाकुर, रितेश राजपूत ,भारत सिंह लोधी, जनक ठाकुर ,दीक्षा लोधी इत्यादि सहित दर्जनों अतिथि शिक्षक शामिल थे.



> उन्होंने मांग की है कि अतिथि शिक्षकों की पदस्थापना दूरस्थ ग्रामीण अंचल में भी है . यहां पर मोबाइल नेटवर्क नहीं मिलता और आर्थिक तंगी के कारण वह लोग महंगा एंड्राइड मोबाइल नहीं खरीद पाए हैं. जिसके कारण ही ई अटेंडेंस में परेशानी हो रही है. वहीं ग्रामीण अंचल में बिजली नहीं होने के कारण मोबाइल चार्ज नहीं होता है उन्होंने यह भी मांग की है कि पालन आउट प्रक्रिया को समाप्त किया जाए, क्योंकि पालन आउट में अचानक शिक्षक पद समाप्त करके उन्हें सेवा में वापस ना लेने जैसी नीति आर्थिक रूप से कमजोर अतिथि शिक्षकों के लिए एक प्रकार से मुसीबत है ओर उनके भविष्य पर कुठाराघात भी है.


**म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड, बरेली/औबेदुल्लागंज**

(म.प्र.शासन का उपक्रम)

प्रकाश एवं विकास

कार्यालय उप महाप्रबंधक (एस.टी.सी./एस.टी.एम.) संभाग, पाटनदेव सागर रोड, रायसेन (म.प्र.)-464551

ई-मेल : raisenstc@gmail.com

क्र./उ.म.प्र./एस.टी.सी./सं./2025-26/534 बरेली, दिनांक : 17.07.2025

**NOTICE INVITING E-TENDERS**

E-tender is invited from eligible electrical contractors who are registered under relevant category through "ANUBANDH" portal of MPMKVVCL, for the following electrical work.

| NIT No. & Date | Particulars | Approx. Value (Rs. Lakh) | Tender Doc. Fees (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| 530/01 Dated 17.07.2025 | Proposed 11 kv Chawara Ag. (S/s Bagpipariya To Chawara Ag.) Feeder 7KM 11KV Line Conductor Augumentation Under Bareli R D/C O&M Division Bareli. | 1.99 | 236/- |
| 530/02 Dated 17.07.2025 | Proposed 11 kv Gaganwada Ag. (S/s Kamtone To Gaganwada Ag.) Feeder 3KM 11KV Line Conductor Augumentation Under Bareli R D/C O&M Division Bareli. | 1.02 | 236/- |
| 530/03 Dated 17.07.2025 | Proposed 11 kv Lamta Ag. (S/s Pipariya Puariya To Lamta Ag.) Feeder 6KM 11KV Line Conductor Augumentation Under Khargone D/C O&M Division Bareli. | 2.19 | 590/- |
| 530/04 Dated 17.07.2025 | Proposed 11 kv Uradmau Ag. (S/s Udaipura To Uradmau Ag.) Feeder 4KM 11KV Line Conductor Augumentation Under Udaipura D/C O&M Division Bareli. | 1.72 | 236/- |

**Date of Sale of Bid Documents :- 17.07.2025, 18.00 Hrs. Up to 23.07.2025, 12.30 Hrs.**
**Bid Submission Last Date :- 23.07.2025 Up to 12.30 Hrs.**
**Bid Opening Date :- 24.07.2025 at 13.00 Hrs.**

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in** & **https://mptenders.gov.in** or the under signed office.

M.P. Madhyam/121161/2025 **DGM (STC-STM) DIVISION**


**धर्म** — उपासनाथ दिगंबर जैन मंदिर में साक्ष्य सागर महाराज के प्रवचन

# जिनवाणी का स्वाध्याय रोज करना चाहिए : मुनिश्री

नवभारत न्यूज

सिलवानी, 17 जुलाई. उपासनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मुनि साक्ष्य सागर महाराज व मुनि निवृत्त सागर महाराज के द्वारा चातुर्मास किया जा रहा है. गुरुवार को मुनि साक्ष्य सागर ने कहा कि महापुरुषों की कथा को अवश्य ही ग्रहण करना चाहिए, प्राप्त सत्संग को अवश्य ही सुनना चाहिए. कथा श्रवण, चिंतन, मनन करने से भावों में विशुद्धि आती है. विशुद्ध भाव होने से नकारात्मकता आत्मा में प्रवेश नहीं कर पाती है. मुनिश्री ने बताया कि जिनवाणी ग्रंथ का स्वाध्याय प्रतिदिन किया जाना चाहिए. स्वाध्याय करने से देह पवित्र होती है. कि पुरुषार्थ करने वाले की कभी हार नहीं होती. नियम और संयम से वर्तमान, भविष्य और आगे का समय सुधरता है. जिसके जीवन में संयम नहीं, उसका जीवन शुरू ही नहीं होता. उन्होंने कहा कि अच्छा जीवन जीने के लिए नियम और संयम अपनी क्षमता के अनुसार अनुसार अपनाएं. पुरुषार्थ व्यक्ति को ही करना होता है. आत्मा को सुखी करना और मोक्ष दिलाना ही लक्ष्य होना चाहिए. धर्मसभा में उन्होंने कहा कि यहां गुणों की चर्चा होती है. किसी का नाम नहीं लेना चाहिए. यदि कोई धर्म की प्रभावना करता है तो उसका नाम प्रेरणा देने के लिए लिया जा सकता है.



उन्होंने कहा कि सूर्य की किरणों का सामना कोई वस्तु नहीं कर सकती. जहां अहंकार होता है, वहां सम्यक्त्व नहीं आता. मिथ्यावादी पर श्रद्धा नहीं करनी चाहिए. आगम में भगवान की वाणी है. उसमें एक बिंदु या मात्रा भी घटाई बढ़ाई नहीं जा सकती. समय का सदुपयोग करने के लिए लोग मंदिर और धर्मसभा में आते हैं. वीतराग में मोक्ष का मार्ग दिखता है. भव्य आत्मा कभी अभव्य नहीं बनती. जिनवाणी अरिहंत की वाणी है. भगवान बनने से पहले भक्त बनना पड़ता है तभी भगवान बन सकते हैं.

> धर्मसभा में मुनि निवृत्त सागर ने बताया कि धर्म पर सदा ही सच्ची श्रद्धा करना चाहिए. 84 करोड़ योनियों में भटकने के बाद मानव तन मिला है. इस को धर्म साधना में लगा दो, भगवान जिनेंद्र ने भव्य जीवों के कल्याण के उपदेश दिए हैं. महापुरुषो के द्वारा विरचित किए गए ग्रंथों का अध्ययन करने से जीवन जीने की नीति समझ आती है. साधु संत, ऋषि मुनियों को आहार दिए जाने की भावना भाने वाले जीव सात्विक होते हैं, किसी ने आहार के भाव ही नही किए तो वह नरक गामी हो सता है.

### साँची विवि में प्रवेश के लिए 24 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन

**सलामतपुर, 17 जुलाई.** सलामतपुर स्थित साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में अब 24 जुलाई तक प्रवेश के लिए आवेदन किया जा सकता है. साँची विश्वविद्यालय में बौद्ध अध्ययन, भारतीय दर्शन, वैदिक अध्ययन, भारतीय चित्रकला, योग, संस्कृत, चीनी भाषा, हिन्दी और अंग्रेजी में 2025-26 सत्र के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने का अंतिम अवसर है. प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राएं 24 जुलाई तक ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से साँची विश्वविद्यालय में आवेदन कर सकते हैं. विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल https:// sanchiunivadm .samarth.edu.in/ पर ऑनलाइन फॉर्म भरा जा सकता हैं.